केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, गांधीनगर,जम्मू

के समस्त शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनायें

प्रिय सहकर्मियों

आज शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सर्वप्रथम मैं भारत रत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ, जिनके जन्मदिन के अवसर पर हम शिक्षक दिवस को मनाते हैं और तत्पश्चात मैं अपने समस्त गुरुजनों को जिन्होने प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से मेरे जीवन को प्रकाशित करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया है ; उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन करता हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनके दिखाये हुए सन्मार्ग पर चलने की मुझे प्रेरणा मिलती रहे । इस अवसर पर मैं अपने सभी शिक्षक साथियों को शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ और अपना आभार प्रकट करता हूँ । आपने अपने अथक प्रयासों एवं उत्कृष्ट परिश्रम से केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 गांधीनगर, जम्मू की विभिन्न गतिविधियों में सहयोग देकर, इस विद्यालय को नए आयाम तक पहुंचाया है । इस कोविड काल में, जो जीवटता और लगन आपने दिखाई है, उन्हें निश्चित रूप से आने वाले वर्षों तक याद रखा जाएगा । विपरीत परिस्थितियों में ही धैर्य , लगन ,और नियोजन की पहचान होती है । आप सभी शिक्षकों ने जिस तरह अपनी तमाम तकलीफ़ों को भूलकर, विद्यार्थियों को उनकी आकांक्षाओं के अनुरूप इस कोविड काल में उनकी शिक्षा से लेकर, उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को हल करने में जो कर्मठता दिखाई है; वह निश्चित रूप से प्रसंशनीय और सराहनीय है । मैं केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 गांधीनगर, जम्मू के समस्त शिक्षकों और विद्यालय से जुड़े समस्त कर्मचारियों को शिक्षक दिवस कि बहुत बहुत शुभकामनायें देता हूँ और आशा करता हूँ कि आने वाले दिनों में भी आप इसी प्रकार एक टीम की तरह मिलकर विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे ।

शुभेच्छा

प्राचार्य

अमित वाल्टर